पेज थ्री
देहरादून

देहरादून, बृहस्पतिवार 30 जनवरी, 2020

पेज 8

# हमारा दून

आंगनबाड़ी कर्मियों की मांगों को लेकर तहसील कार्यालय में प्रदर्शन करते मोर्चा के कार्यकर्ता।



## संक्षिप्त समाचार

### 311 छात्र–छात्राओं को कोट वितरित किये

**संवाददाता** देहरादून। दून के राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय कण्डोली एवं राजकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कण्डोली में 311 छात्र–छात्राओं को कोट वितरित किये गये। यह कार्यक्रम भाजपा मसूरी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक गणेश जोशी के 62वें जन्मदिवस पर सेवा सप्ताह कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था। बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे राष्ट्रीय स्वयं संघ के प्रांत प्रचारक युद्धवीर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

### अंगीकार अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत अंगीकार अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत निबंध प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। लाभार्थियों को अंगीकार वचनबद्धता की शपथ दिलाई गई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस अभियान का समापन हुआ। नगरनिगम कार्यालय के सभा भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को अंगीकार अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। लाभार्थियों को बताया गया कि इस अभियान से उनके जीवन में किस तरह के बदलाव हो सकते हैं।

### बहुद्देशीय शिविर का आयोजन आज

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा क्षेत्र डोईवाला में 30 जनवरी को जिलाधिकारी सी रविशंकर की अध्यक्षता में राजकीय बालिका इण्टर कालेज रानीपोखरी में प्रातः 11 बजे से बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिलाधिकारी द्वारा जन समस्याओं की सुनवाई की जायेगी। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को विधानसभा डोईवाला क्षेत्रान्तर्गत उनके विभाग द्वारा संचालित/प्रस्तावित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट के साथ स्वयं बहुद्देशीय शिविर में प्रतिभाग करने के निर्देश दिये।

### विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**संवाददाता** देहरादून। सिविल जज सीडी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नेहा कुशवाहा ने अवगत कराया है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देहरादून के द्वारा ग्रामसभा श्यामपुर के नम्बरदार फार्म स्थित महिला मिलन केन्द्र ऋषिकेश में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक शिविर में उपस्थित लोगों को कानून की जानकारी सहित विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा उनके विभाग में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गयी।

## उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद एवं मेक माई ट्रिप के बीच एमओयू किया गया हस्ताक्षरित

**संवाददाता** देहरादून। सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में बुधवार को उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद एवं मेक माई ट्रिप के बीच एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इस अवसर पर सचिव पर्यटन दिलीप जावलकर ने कहा कि मेक माई ट्रिप एक प्रमुख व्यवसायिक प्लेटफार्म है, जिस पर उत्तराखण्ड के अल्पज्ञात गन्तव्यों पर स्थित होम–स्टे को प्रदर्शित किये जाने से होम–स्टे व्यवसायियों को अधिक बुकिंग मिलेगी, अधिक व्यवसाय प्राप्त होगा, स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होगी एवं पलायन को रोकने में मदद मिलेगी। इस एमओयू का उद्देश्य राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटकों को होम–स्टे आवासों से जोड़ते हुये उत्तराखण्ड के नैसर्गिक सौन्दर्य, समृद्ध संस्कृति एवं उत्कृष्ट आतिथ्य भाव से परिचित करवाना है।

उन्होंने कहा कि यह एमओयू न केवल ग्रामीण पर्यटन एवं अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा बल्कि इससे उत्तराखण्ड के होम–स्टे को डिजीटल पटल पर नई पहचान मिलेगी। वर्तमान में उत्तराखण्ड में लगभग 2000 होम स्टे स्थापित किये जा चुके हैं। एमओयू पर उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद की ओर से संयुक्त निदेशक विवेक सिंह चौहान एवं मेक माई ट्रिप की तरफ से उपाध्यक्ष श्री रवि प्रकाश द्वारा हस्ताक्षर किये गये।

# आप सब युवा अधिकारी हैं और आपको लम्बी यात्रा करनी हैः सीएस

**शुभकामना**

■सम्मिलित सेवा परीक्षा– 2016 के अंतर्गत चयनित 48 प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों ने सीएस से मुलाकात की



**संवाददाता**

देहरादून। सचिवालय सभागार में मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह से सम्मिलित सेवा परीक्षा– 2016 के अंतर्गत चयनित 48 प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों ने मुलाकात की।

इस अवसर पर मुख्य सचिव ने प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों को शुभकामना देते हुए अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि आप सब युवा अधिकारी हैं और आप को लम्बी यात्रा करनी है, उन्होंने युवा प्रशिक्षणार्थियों से अपनी सेवा की यात्रा के प्रत्येक पल को प्रसन्नता पूर्वक निभाने को कहा। उन्होंने प्रशिक्षुओं के साथ अपने अनुभवों को बांटते हुए बताया कि उत्तराखण्ड के लोग काफी सहयोगी हैं। उन्होंने कहा कि आप की सेवाओं की प्रकृति का सम्बन्ध खुशियों के व्यवसाय से जुड़ा है जिसको देखते हुए अपने दायित्वों को खुशी पूर्वक क्रियान्वित करें, इससे आपको स्वयं खुशी महसूस होगी और समाज को भी आप की सेवाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य प्राकृतिक रूप से सुन्दर है, उन्होंने राज्य की नैसर्गिक सुंदरता का आनन्द उठाते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की अपेक्षा की।

डा. आरएस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी के निदेशक श्री राजीव रौतेला ने अवगत कराया कि उत्तराखण्ड राज्य सम्मिलित सेवा परीक्षा 2016 की 7 विभिन्न सेवाओं के 48 अधिकारी इस 14 वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने अकादमी द्वारा संचालित प्रशिक्षण पर विस्तार से जानकारी दी, उन्होंने बताया कि इस 14 वें आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में 7 विभिन्न सेवाओं के ऑफिसर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जिनमें 6 प्रशासनिक, 17 पुलिस, 12 वित्त, 2 टैक्स, 8 म्युनिसपल, 2 सिविल डिफेंस तथा 1 जेल अधीक्षक सेवा के अधिकारी हैं।

उन्होंने बताया कि इन अधिकारियों को व्यावहारिक ज्ञान दिलाने के लिए विधानसभा तथा देश की उच्च विशेषज्ञ संस्थानों यथा एफ.आर.आई, आईएमए ओ.एन.जी.सी आदि का भ्रमण कराया गया है। विगत 28 दिसम्बर को माननीय मुख्यमंत्री के साथ डा. आर.एस.टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी प्रशिक्षणार्थी अधिकारियों का संवाद हुआ तथा आज महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड से संवाद हेतु समय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि अकादमी में उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण दिया जाता है जिससे अधिकारी क्षेत्रों में जाकर अपनी जिम्मेदारियों का अच्छी तरह से निर्वहन कर सकें। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षणार्थियों को खेल गतिविधियों में भी प्रतिभा दिखाने हेतु खेल सुविधायें उपलब्ध हैं।

# रूद्रपुर में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जाएगीः सीएम

**सम्मान**

■खिलाड़ियों को खेलरत्न, द्रोणाचार्य एवं लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से किया सम्मानित



खिलाड़ियों को खेल पुरस्कार प्रदान करते सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत।

देहरादून। **संवाददाता**

मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुधवार को सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न खिलाड़ियों को देवभूमि उत्तराखण्ड खेलरत्न, देवभूमि उत्तराखण्ड द्रोणाचार्य एवं लाईफ टाईम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया। खिलाड़ियों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की कोशिश है कि खेलों में इंडिया में अधिक से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी हो सके। उन्होंने कहा कि ऑलम्पिक 2024 को लक्ष्य बना कर हमें अपनी तैयारियां करनी होंगी। इसके लिए सरकार द्वारा हर सम्भव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमें खेलने और खिलाने के साथ–साथ कबड्डी और खो–खो जैसे खेलों को भी फोकस करना होगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि रूद्रपुर में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलो इंडिया के तहत अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है। इस वर्ष राज्य के दो लाख से अधिक बच्चों ने इसमें प्रतिभाग किया है। उन्होंने कहा कि हमें राज्य में 2–4 खेलों पर विशेष ध्यान देना होगा। उनके लिए लक्ष्य निर्धारित करने होंगे। खेल मंत्री अरविन्द पाण्डेय ने कहा कि खेल महाकुम्भ और खेलो इंडिया के माध्यम से योग्य बच्चों को एक प्लेटफार्म मिला है। न्यायपंचायत, ब्लॉक स्तर और राज्य स्तर पर लगभग दो लाख से अधिक खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है।

## आंगनबाड़ी कर्मियों की मांगों को लेकर मोर्चा ने किया तहसील कार्यालय का घेराव

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा कार्यकर्ताओं ने आंगनबाडी कार्यकत्रियों, सेविकाओं एवं मिनी कर्मचारियों की मांगों को लेकर मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी के नेतृत्व में तहसील घेराव कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम विकासनगर सौरभ असवाल को सौंपा।

नेगी ने कहा कि प्रदेश भर की हजारों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सेविकाऐं व मिनी आंगनबाडी कर्मचारी अपने मानदेय व अन्य मांगों को लेकर आन्दोलित हैं, लेकिन गैर अनुभवी सरकार ने इनकी मांगों को पूरा करना तो दूर इनका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया है, जो कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। उक्त लिए जा रहे कार्यों की अधिकता के चलते ये कुछ अन्य कार्य भी नहीं कर पाती। उक्त आंगनवाडी कर्मचारियों, सेविकाओं आदि ने भिन्न–भिन्न माध्यमों से अपनी मांगों से सम्बन्धित ज्ञापन सरकार तक प्रेषित किये जा चुके हैं।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+




Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०-
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं०
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।